अतः मधुमक्खी वंश के विनाशी रोग की रोकथाम के लिए भारत सरकार के कृषि मंत्री का ध्यान मैं इस ओर दिलाना चाहता हूं कि वह अपनी शक्ति लगाकर इस रोग की रोकथाम का पूरा प्रयत्न करें।

(iii) Need to take steps to improve economic condition of rickshaw-pullers

**श्री हरिकेश बहादुर** (गोरखपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश में साइकिल रिक्शा चलाने वाले लोगों की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो गयी है। इस कार्य में लगे हुए लोग आर्थिक दृष्टि से तो घोर संकट का सामना कर ही रहे हैं, साथ ही शारीरिक रूप से भी वे अत्यन्त कमजोर हैं। उन्हें विभिन्न प्रकार के अन्याय और शोषण का सामना करना पड़ता है। इन लोगों की मांगों पर सरकार ठीक तरह से ध्यान नहीं दे रही है जिससे इनकी कठिनाइयां दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही हैं। रिक्शा चालकों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिये सरकार को तत्काल ध्यान देना चाहिये और उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। उनके शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए भी सरकार को आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिये।

(iv) Need for more communication facilities in Ghazipur district in U.P. and to improve working of present facilities

**श्री जैनुल बशर** (गाजीपुर) : उपाध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में संचार सुविधाओं का बहुत अभाव है। जो सुविधाएं उपलब्ध हैं वह भी ठीक प्रकार से काम नहीं कर पा रही हैं। विभागीय मापदण्डों के अनुसार उप डाकघर व शाखा डाकघर बहुत स्थानों पर खोले जाने की गुंजाइश है। डाकघर खोले जाने के प्रस्ताव की जांच ठीक प्रकार से नहीं की जाती। अनेकों ऐसे उदाहरण हैं, जिसमें एक डाकघर से दूसरे डाकघर की दूरी सम्पर्क मार्गों के आधार पर न करके हवाई दूरी के आधार पर नापी गई है। नये उप डाकघर व शाखा डाकघर नहीं खुल पा रहे हैं। जो खुले हैं उनकी संख्या नगण्य है। गाजीपुर एक पिछड़ा जिला है और इसे पिछड़ा जिला मानकर डाक सुविधाओं में वृद्धि की जानी चाहिए।

अनेकों डाकघरों में जहां टेलीग्राफिक व्यवस्था है वह ठीक प्रकार से काम नहीं कर रही हैं। इसी प्रकार से पी०सी०ओज० के टेलीफोन बराबर खराब रहने की शिकायत मिलती रहती है।

गाजीपुर में इलेक्ट्रोनिक टेलीफोन केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव है। उक्त केन्द्र छठी पंचवर्षीय योजना में खुल जाना चाहिए। अभी तक टेलीफोन केन्द्र खोलने का काम शुरू नहीं हुआ है।

मेरा संचार मंत्री से निवेदन है कि उल्लिखित मामलों पर तत्काल ध्यान दें और गाजीपुर में संचार सुविधाओं की वृद्धि और मौजूदा सुविधाओं की कार्य प्रणाली में सुधार की उचित व्यवस्था करने का प्रबन्ध करें।

(v) Harassment of innocent labourers of U.P. and Bihar by police at Delhi Railway Station

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार, उत्तर प्रदेश से जो गरीब हरियाणा, पंजाब या दिल्ली में मजदूरी करने के लिए आते हैं या मजदूरी कर वापिस लौटते हैं, दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उनसे पुलिस द्वारा सारा पैसा छीन लिया जाता है एवं उसे मारपीट कर किंग्सवे कैंप स्थित सेवा कुटीर के बैगर्स होम में रख दिया जाता है। सालों उससे मजदूरी करवाई जाती है, छोड़ने के समय एक पैसा भी नहीं दिया जाता। इस तरह के दो केस मेरी जानकारी में आए हैं। एक मेंधूसदा बिहार के खगरिया जिलांतर्गत औराही गांव का रहने वाला एक गरीब हरिजन है। एक साल के बाद पंजाब से मजदूरी कर घर लौट रहा था तो पुलिस द्वारा उसके टिकट को फाड़ दिया गया और उसका सब पैसा छीन लिया गया। उसे बुरी तरह पीटकर सेवा कुटीर में ले जाकर बंद कर दिया गया। एक साल तक उससे बंधुआ मजदूर के

समान काम करवाया गया और बाद में पिछले अक्तूबर, 1983 को मरणासन्न अवस्था में छोड़ा गया। मैं उसको साथ लेकर अक्तूबर 1983 को गृह मंत्री से मिला था। मैंने एक पत्र भी गृह मंत्री को दिया था जिसमें मैंने एक श्री राम विलास पासवान ग्राम पो० अमवां जिला खगरिया को भी इसी तरह बन्द रखे जाने तथा उसको मुक्त करयाए जाने हेतु आग्रह किया था। गृह मंत्री ने मेरे सामने पुलिस कमिश्नर को टेलीफोन भी किया? मैंने भी पुलिस कमिश्नर से टेलीफोन पर बात की। लेकिन जब 3-4 महीनों तक कोई कार्यवाही नहीं की गई तो 6-3 84 को, इसी महीने मैं सेवा कुटीर किंग्सवे कैंप गया। मुझे जानकारी मिली थी कि श्री पासवान को बेगर्स होम के ब्लाक नंबर 2 में रखा गया है। 8-3-84 को मैंने उसे जमानत पर छुड़वाया। अभी वह मेरे निवास स्थान पर है। बेगर्स होम में भूख, बीमारी एवं मार से सैकड़ों लोगों की जानें गयीं हैं। सैकड़ों निर्दोष नवयुवक वहां बन्द हैं। उसकी स्थिति जेल से भी बदतर है। अतः सरकार से मांग है कि सरकार इस संबंध में अविलम्ब कार्यवाही करे और निर्दोष लोगों को मुक्त करवाए।

**(vi) Need for early repairs of Jawahar Bridge on National Highway No. 2**

**श्री राकेश कुमार सिंह** (फिरोजाबाद): उपाध्यक्ष महोदय, आगर (उ०प्र०) के राष्ट्रीय राजमार्ग नं 2 पर निर्मित जवाहर पुल पर पिछले दिनों चौथी बार गहरा गड्ढा हो गया है, पुल में आई तकनीकी कमियों को दूर करने के लिए मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है, जो बारीकी से अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को देगी। परन्तु खेद है कि न तो यातायात नियंत्रण की व्यवस्था की जा सकी है, न यातायात पुलिस की कोई व्यवस्था की गई है। और मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में पहुंच गया है। फिर भी अध्ययन कमेटी की 6-7 मार्च को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई। इस पुल की हालत दिनों-दिन बिगड़ती जा रही है। टेलीफोन विभाग द्वारा फुटपाथ की पट्टियों को हटाकर नई केबिल डाली जा रही है। इस प्रकार सड़क का कुछ भाग घिर जाने से यातायात अवरुद्ध सा हो गया है और सभी वाहनों की रफ्तार कम होने के बावजूद पुल बैठ जाने की संभावना प्रबल होती जा रही है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में अविलम्ब सख्त कार्यवाही करें जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 2 पर जवाहर पुल का मरम्मत कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जा सके। यातायात विरुद्ध न होने पाए और यदि इसकी क्षमता में कमी हुई है तो उसको दूर करने हेतु यथोचित तकनीकी कमियों को दूर किया जाए और हो सके तो आगामी बजट सत्र में एक और पुल यमुना नदी पर बनाने हेतु धन की व्यवस्था और संबंधित कार्यवाही तत्काल शुरू की जाए।

**(vii) Need to provide Vanaspati ghee at fixed price to consumers**

**श्रीमती माधुरी सिंह** (पूर्णिया): उपाध्यक्ष महोदय, वनस्पति की कीमत में हाल में फिर वृद्धि हो रही है। साढ़े सोलह किलोग्राम टीन पर बम्बई में 22 रुपए अधिक लिए जा रहे हैं। सरकार द्वारा नियंत्रित मूल्य पर वनस्पति न मिलने से लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने वनस्पति निर्माताओं को कच्चे माल के कोटे में 15 प्रतिशत की कमी कर दी है। निर्माताओं को अब कच्चा माल बाजार से अधिक कीमत पर खरीदना पड़ रहा है। इससे अब उत्पादन लागत बढ़ गई है। सरसों का तेल और बिनौले के तेल की कीमत भी बढ़ गई है। अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि आयातित तेलों का आबंटन बढ़ाया जाए। चावल की भूसी के तेल पर उत्पादन शुल्क में अधिक रियायत दी जाए और नियंत्रित मूल्य पर वनस्पति जन साधारण को उपलब्ध कराने के लिए प्रभावशाली कदम उठाए जाएं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Prof. K.K. Tewary.

PROF. K.K. TEWARY (Buxar) : Sir, I request you to take some steps also in this matter because it is a very important one.